तापमान
अधिकतम 28.8 डिग्री
न्यूनतम 10.4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार 5 मार्च 2025

12 एडीसी ने परीक्षा केंद्रों का मुआयना कर जांची व्यवस्थाएं



12 खुश रहना एक कला, इसका करना पड़ता है रोज अभ्यास



!! महायोगी गुरुगोरक्षनाथाय नमः!!
!! श्री बाबा मस्तनाथो विजयतेतराम्!!



गोरक्ष स्वरूप सिद्ध शिरोमणि
बाबा मस्तनाथ जी महाराज




BABA MASTNATH UNIVERSITY ROHTAK
विधेयम् जन सेवनम्

सादर आमंत्रण

18वीं सदी से चली आ रही परम्परानुसार
## सिद्ध शिरोमणि बाबा मस्तनाथ जी
की पुण्य स्मृति में लगने वाला

तपस्वी रणपतनाथ योगी जी
तपस्वी मानधातानाथ योगी जी

# सालाना मेला व भण्डारा

दिनांक : 6, 7 व 8 मार्च, 2025

तदनुसार फाल्गुन मास, शुक्ल पक्ष : सप्तमी, अष्टमी, नवमी को मनाया जा रहा है।

इस बहुआयामी आध्यत्मिक मेले में आप सभी सादर आमंत्रित हैं। अतः सभी महानुभाव, साधु-संत, योगी-संन्यासी, माता बहनें, बच्चे-बुजुर्ग एवं श्रद्धालु, परिजन-पूरजन-स्वजन के साथ पहुँचकर मेले का आनन्द उठाएँ तथा बाबा जी की दिव्य कृपा और आशीर्वाद प्राप्त करें।

श्रीयुत् श्रेयोनाथ जी महाराज
श्रीयुत् चाँदनाथ जी महाराज

मेले के दौरान निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

## विशाल भजन संध्या
दिनांक : 6 मार्च, 2025

## इनामी कुश्ती दंगल
दिनांक : 8 मार्च, 2025

कुश्ती दंगल के इनाम

पहला इनाम ₹ 1,51,000/-
दूसरा इनाम ₹ 1,00,000/-
तीसरा इनाम ₹ 51,000/-
चौथा इनाम ₹ 31,000/-

इसके अलावा और भी अन्य इनाम दिये जाएंगे।





शुभचिंतक - महंत बालकनाथ योगी
गद्दीनशीन महंत श्री बाबा मस्तनाथ मठ, अस्थल बोहर, रोहतक-124021 (हरियाणा) | कुलाधिपति-बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय | विधायक-तिजारा एवं पूर्व सांसद, अलवर व प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा (राजस्थान)

MahantBalaknathyogiIndia @MahantBalaknath Mahant Balaknath Yogi https://bmu.ac.in

BMU BABA MASTNATH UNIVERSITY
Asthal Bohar, Rohtak, Haryana, 124021, INDIA
www.bmu.ac.in
Email: registrarbmu@gmail.com

SBMN RESI. SAINIK SCHOOL
Asthal Bohar, Rohtak-124021
Ph : 9053066641/42
www.sbmnssrps.com

SBMN SCHOOL
Civil Road, Rohtak-124001
Ph : +91-1262-256267
www.smpsrohtak.com

## खबर संक्षेप



### अवैध खनन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सजग

**करनाल।** अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग है और ऐसे लोगों पर कड़ी नजर बनाए हुए है और अवैध खनन किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। प्रशासन का प्रयास है कि जिला में अवैध खनन करने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देशानुसार गत दिवस खनन विभाग की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान चौरा रोड पर डंपर चालकों के ई-रवाना बिल चेक किया। एक डंपर चालक के पास वैध ई-रवाना बिल नहीं पाया गया। डंपर की मौके पर जीपीएस फोटो लेकर मधुबन थाने में सीज किया गया।



### नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र ने सौंपा नियुक्ति पत्र

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने हरियाणा प्रदेश टीम का विस्तार करते हुए करनाल के वरिष्ठ समाजसेवी अशोक बजाज को फाउंडेशन का स्टेट डायरेक्टर हरियाणा नियुक्त किया। नैशनल सुप्रीमो नरेन्द्र अरोड़ा ने अशोक बजाज को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अशोक बजाज ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर फाउंडेशन के भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के उद्देश्यों को जन जन तक लेकर जायेंगे और अपनी टीम का विस्तार करेंगे, उन्होंने कहा कि वह फाउंडेशन के चैरिटी प्रोजेक्ट में विशेष भूमिका निभाएंगे।

### एक राष्ट्र, एक चुनाव पर राष्ट्रीय कार्यशाला आज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में विधि प्रकोष्ठ, विधि संस्थान के सहयोग से, 5 मार्च, 2025 को सीनेट हॉल में प्रातः 10.30 बजे एक राष्ट्र, एक चुनाव पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस राष्ट्रीय कार्यशाला में विधि संस्थान के संकाय सदस्य एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर शोध पत्र के साथ अकादमिक रूप से योगदान देंगे।

### कुवि में एक दिवसीय सेमिनार आज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के वूमैन इन स्टेम फोरम द्वारा 5 मार्च को विश्वविद्यालय के फैकल्टी लॉज में ह्यभविष्य का नवाचारः स्टेम में महिलाएं विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही ह्यविज्ञान कार्निवल पुरस्कार वितरण समारोह भी आयोजित होगा। इस अवसर पर विवि के सभी संकाय सदस्य एवं शोधार्थी, विद्यार्थी उपस्थित रहेंगे।

### हाइजीन दिवस के तहत हेल्थ चेकअप कार्यक्रम का किया आयोजन

# शरीर के लिए उचित पोषण अच्छे स्वास्थ्य की नींव : सम्राट सिंह

**पोषक तत्वों से भरपूर आहार बच्चे के मानसिक और शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है: काउंसलर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री में प्रधानाचार्य वंदना चावला की अध्यक्षता में हाइजीन दिवस के तहत हेल्थ चेकअप कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में बच्चों को स्वास्थ्य काउंसलर द्वारा समाज में अपने आप को सुरक्षित रखने के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की गई है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य काउंसलर सम्राट सिंह ने बच्चों को बताया कि उचित पोषण का प्रयोग,अच्छे स्वास्थ्य की नींव है। शरीर को बेहतर ढंग से स्वस्थ और विकसित होने के लिए पर्याप्त पोषण की आवश्यकता होती है। पोषक तत्वों से भरपूर आहार बच्चे के मानसिक और शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वास्थ्य काउंसलर सम्राट सिंह ने बच्चों को बताया कि सोशल मीडिया संचार का एक इंटरनेट आधारित रूप है। सोशल मीडिया का नकारात्मक प्रभाव बच्चों में तेजी से बढ़ रहा हैं,जैसे मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे अर्थात बच्चों में अवसाद, चिंता बढने के साथ-साथ अकेलापन बच्चों में बढ़ रहा हैं। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया की वजह से बच्चों की पढ़ाई में एकाग्रता की कमी, आत्मविश्वास की कमी भी देखी जा रही है। उन्होंने स्कूली बच्चों को साइबर सुरक्षा के बारे में बताया गया कि अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे फोन नंबर, ईमेल पता,फोटोग्राफ या वीडियो अज्ञात व्यक्ति के साथ साझा न करें। उन्होंने बच्चों को बताया कि संवेदनशील वित्तीय जानकारी जैसे बैंकिंग पासवर्ड आदि ऑनलाइन साझा ना करें, मजबूत पासवर्ड का प्रयोग करें और अपने सोशल मीडिया खातों की गोपनीयता सेटिंग जांच लाइसेंस प्राप्त सॉफ्टवेयर ,एंटीवायरस का उपयोग करें, और नियमित अपडेट करें फर्जी वेबसाइट एप्स से सावधान रहें।

उन्होंने कहा कि संतुलित आहार न लेने वाले बच्चों में पोषक तत्वों की कमी हो सकती है, जिसके परिणामस्वरूप अक्सर फाइबर, विटामिन और खनिजों का अपर्याप्त सेवन होता है। उन्होंने बताया कि हमें अपने शरीर को स्वस्थ एवं निरोगी बनाए रखने के लिए नियमित शुद्ध आहार की आवश्यकता होती है।




इंद्री। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री में बच्चो को जानकारी देते अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

**अनुशासन में रहकर शिक्षा ग्रहण करें विद्यार्थी**

प्रधानाचार्य वंदना चावला ने बच्चों को बताया कि हमें अनुशासन में रहकर शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। फास्ट फूड एवं गली-तली वस्तुओं का प्रयोग अपने भोजन में नहीं करना चाहिए। हमेशा अपने भोजन में हरी सब्जियों, ताजे फलों एवं प्रोटीन युक्त पदार्थों का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हमारा स्वास्थ्य ठीक होगा तभी अच्छी तरह से शिक्षा ग्रहण कर पायेंगे। स्वस्थ शरीर एवं मन न केवल मनुष्य के लिए उचित है, बल्कि देश निर्माण में भी अहम भूमिका निभाता है। इस मौके पर प्राध्यापक सुरेन्द्र, पूनम, तरुण पंवार, जीव विज्ञान की प्राध्यापिका रितु व एबीआरसी शैलजा सहित अन्य अध्यापक उपस्थित रहें।



# अग्निशमन कर्मचारियों ने आंदोलन शुरू किया

- मांगों का ज्ञापन निकाय मंत्री विपुल गोयल के नाम सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लागू करवाने के लिए आंदोलन शुरू कर दिया है। मंगलवार को करनाल में फायर अधिकारी राजीव भारद्वाज को मांगों का ज्ञापन निकाय मंत्री विपुल गोयल के नाम सौंपा गया। कर्मचारियों की अग्निशमन कर्मचारी यूनियन के प्रधान विजय शर्मा व सचिव कपिल शर्मा ने की। विजय शर्मा ने कहा कि 29 अक्तूबर 2022 को संघ व सरकार के मध्य चंडीगढ़ में हुई वार्ता के दौरान सरकार ने जो मांगें स्वीकार कर ली थी, उन्हें भी आज तक लागू नहीं किया गया है। 18 मार्च को पंचकूला में प्रदेशभर के कर्मचारी इक्टठा होंगे। 30 मार्च को निकाय मंत्री के आवास पर प्रदर्शन किया जाएगा। विजय शर्मा ने मांगों का जिक्र करते हुए कहा कि फायर विभाग को निकाय विभाग में शामिल किया जाए। वर्ष 2018 के समझौते के तहत 2016 के नियमों में योग्यता पूरी करने वाले पे रोल तथा हरियाणा कौशल निगम के फायर कर्मचारियों को फॉयर ऑपरेटर के सृजित पदों पर समायोजित किया जाए। जॉब सिक्योरिटी एक्ट 2024 के अनुसार फायर के कच्चे कर्मचारियों की 58 वर्ष की नौकरी की गारंटी का पत्र जारी किया जाए। जोखिम भत्ता पांच हजार रुपए मिले। एलटीसी का भुगतान किया जाए। फायर कर्मचारियों का तबादला उनके गृह जिलों में किया जाए। इस अवसर पर सर्वकर्मचारी संघ केजिला सचिव सेवा राम बड़सर, प्रेस सचिव कृष्ण कुमार निर्माण, अशोक भाटिया, भाग सिंह, राजकुमार, ओ.पी. माटा व रमेश मेहरा मौजूद रहे।

# निगम ने सेक्टर-13 में खोला ट्रिपल आर केन्द्र रिसाइकल को दिया जा रहा बढ़ावा: डॉ. वैशाली

- नागरिक पुराने कपड़े, जूते व किताबें इत्यादि सामान को यहां दे सकते हैं, जरूरतमंद व्यक्ति इन्हें ले भी सकता है : निगमायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नगर निगम करनाल स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को लेकर प्रत्येक बिन्दू पर कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम ने सेक्टर-13 स्थित सफाई शाखा के कार्यालय में ट्रिपल आर केन्द्र को बीते दिनों स्थापित किया है, जहां पर नागरिक अनुपयोगी प्लास्टिक की वस्तुओं, पुराने कपड़े व जूते तथा अन्य सामान को दे सकते हैं। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि चालू स्वच्छ सर्वेक्षण की थीम भी रिड्यूज, रियूज़ व रिसाईकल पर आधारित है, ताकि नागरिक इनके महत्व को समझकर इसे अपने दैनिक प्रयोग में ले सकें। उन्होंने बताया कि ट्रिपल आर को लेकर पूरे शहर में अभियान चलाया जा रहा है, ताकि लोग अपनेपुराने कपड़े, जूते, किताबें, खिलौने, प्लास्टिक की वस्तुओं तथा इलैक्ट्रोनिक सामान जैसी अनुपयोगी चीजों को यहां दे सकें और उन्हें रिसाईकल कर शहर को कचरा मुक्त बनाया जा सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि रेलवे रोड स्थित नेकी की दीवार, जो कि पहले ओपन थी, उसे कवर किया गया है। इसके लिए लोहे के जाल का प्रयोग किया गया है तथा एक गेट भी लगाया गया है। उन्होंने बताया कि नेकी की दीवार स्थल पर निगम कार्यालय की ओर से एक व्यक्ति की ड्यूटी लगाई जाएगी, जो नागरिकों द्वारा दिए गए सामान को अच्छे से रखेगा। इसके अतिरिक्त जरूरतमंद व्यक्ति को सामान भी वितरित किया जाएगा।

**सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश**

निगमायुक्त ने बताया कि उपयोग किए गए उत्पादों को कम करना ही इस मिशन का उद्देश्य है। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपरोक्त केन्द्र की तर्ज पर शहर की अन्य लोकेशन पर भी रिड्यूस, रियूस और रीसाईकल यानि आर.आर.आर. केन्द्र खोले जाएं। इसके लिए गैर सरकारी संगठन, स्वयं सहायता समूह, रेजिडेंट वैल्फेयर एसोसिएशन तथा नागरिक स्वयं सेवकों का सहयोग लिया जा सकता है और बड़ी संख्या में आमजन को मिशन से जोड़ा जाए।




# स्ट्रांग रूम में ईवीएम की सीसीटीवी से की जा रही निगरानी: एसडीएम

- मतगणना की प्रक्रिया पूरी होने तक पुलिस के जवान दिन रात स्ट्रांग रूम की निगरानी करते रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

एसडीएम अशोक मुंजाल ने बताया कि निकाय चुनाव के अन्तर्गत नगरपालिका चेयरमैन एवं नगर पार्षदों के लिए मतदान प्रक्रिया 2 मार्च को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न होने के बाद ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम के अंदर सील किया जा चुका है, जहां पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के दृष्टिगत से मतगणना तक स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर हरियाणा पुलिस के जवान तैनात रहेंगे और स्ट्रांग रूम के अंदर सीसीटीवी कैमरों से पैनी नजर रखी जा रही है। हरियाणा पुलिस के जवान मुस्तैदी के साथ दिन-रात को स्ट्रांग रूम के पास अपनी डयूटी दे रहें है। उन्होने बताया कि खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के सभागार में स्ट्रॉन्ग रूम में बनाया गया है। उन्होंने बताया कि 12 मार्च को सुबह 8 बजे से मतगणना करवाई जाएगी और इसी दिन नतीजे घोषित किए जाएंगे। मतगणना की प्रक्रिया पूरी होने तक पुलिस के जवान दिन रात स्ट्रांग रूम की निगरानी करते रहेंगे। कहा कि चुनावी माहौल को शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की सतर्कता लगातार जारी है।



इंद्री मे स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर तैनात हरियाणा पुलिस के जवान। फोटो : हरिभूमि

# फुरलक में युवक को अगवा कर चौपाल के बाथरूम में किया बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

क्षेत्र के गांव फुरलक में एक युवक को अगवा कर गांव की ही कश्यप चौपाल की बाथरूम में हाथ पैर बांध कर बंद करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने युवक को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही है और मामले की जांच कर रही है। गांव फुरलक निवासी प्रवीण उर्फ विशाल पुत्र धर्मवीर को तीन मार्च को गांव से बाइक पर सवार नकाबपोश युवकों ने अगवा कर लिया था। परिवार के लोग सारी रात युवक को ढूंढते रहे, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। मंगलवार को आंगनवाड़ी वर्कर चौपाल में पहुंची और उसने बाथरूम के रोने की आवाज सुनाई दी। जब उसने बाथरूम खोला तो एक युवक के हाथ पैर बांध कर डाला हुआ था। आंगनवाड़ी वर्कर ने इसकी सूचना गांव के सरपंच को दी। सरपंच के घटना की सूचना पुलिस व परिजनों को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

**मामले की जांच की जा रही**

थाना प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि मंगलवार को सुबह एक युवक के लापता होने की शिकायत मिली थी। बाद में सूचना मिली की एक युवक गांव फुरलक की कश्यप चौपाल के बाथरूम में मिला। जिसकी शिनाख्त लापता युवक के रूप में हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

# प्रकृति मनुष्यों की प्रसन्नता का स्त्रोतः डॉ कौर

- जलवायु परिवर्तन बहुत बड़ी चुनौतीः प्रोफेसर रामपाल सैनी
- डीएवी पीजी कॉलेज में प्रकृति संरक्षण में युवाओं का योगदान विषय पर व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल





डीएवी पीजी कॉलेज के ईको क्लब और रैड क्रास कल्ब के संयुक्त तत्वावधान में प्रकृति संरक्षण में युवाओं की भूमिका विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान देने के लिए डॉ गणेश दास डीएवी कॉलेज ऑफ एजुकेशन करनाल से वक्ता के रूप में डॉ रमनजीत कौर को आमंत्रित किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर रामपाल सैनी, ईको क्लब की संयोजक डॉ सुलोचना नैन, रैड क्रास कल्ब की संयोजक डॉ मिनाक्षी कुंडू ने पुष्प गुच्छ भेंट कर वक्ता का स्वागत किया। डॉ रमनजीत कौर ने विद्यार्थियों को प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण, पौधा रोपण, वन संरक्षण, सोलर एनर्जी प्रयोग, सेव फ्यूल अनर्जी, प्लास्टिक बैग के प्रयोग पर प्रतिबंध करके, प्राकृतिक संसाधनों से बनी ईको फ्रेंडली वस्तुओं के प्रयोग से हम पर्यावरण को सुरक्षित रख सकते हैं। जिससे वातावरण और जलवायु शुद्ध और स्वच्छ रहे। प्राचार्य रामपाल सैनी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन बहुत बड़ी चुनौती है। जिससे मानव जीवन प्रभावित हो रहा है। तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी आने वाले महीनों में चिंता का विषय है। हमें मिलकर इन समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करना होगा और प्राकृतिक संरक्षण को बढ़ावा देना होगा। ईको क्लब की संयोजक डॉ सुलोचना नैन एवं रैड क्रास की संयोजक डॉ मिनाक्षी कुंडू ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए मुख्य वक्ता को सम्मानित किया।

# पूरा है भरोसा मेरी हार नहीं होगी पर जमकर झूमे श्रीश्याम के भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

श्री खाटू श्याम मंदिर पुरानी अनाजमंडी में श्री श्याम सलोना कीर्तन मंडल की ओर से मनाए जा रहे फाल्गुण महोत्सव में रोजाना सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होकर श्याम बाबा का आशीर्वाद ले रहे हैं। जय श्री श्याम और काम तो मेरा श्याम ही आएगा लिखकर सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है, जोकि आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। 10 दिवसीय उत्सव के तीसरे दिन जीत हरजीत, ज्योति तमन्ना और बिन्नी भैया ने श्याम बाबा की महिमा का बखान करते हुए एक से बढक़र एक भजन गाए। पूरा है भरोसा मेरी हार नहीं होगी, सांवरे जब तू मेरे साथ है..., तू खाटू बुलाता रहे और मैं आता रहूं..., ओ सांवरे मुझे तेरी जरूरत है... भजन सुन श्रद्धालु श्याम भक्ति में लीन हो गए। पुजारी दीपक पांडे ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजन करवाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। यजमानों के रूप में संजय बमल, मिनाक्षी बमल, अभय, निष्ठता, मुकेश गर्ग, रंजना गर्ग, अमरनाथ गोयल व पंकज गोयल ने शिरकत की। मंडल की ओर से श्याम बाबा को 56 भोग लगाने के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। नन्हें बच्चे भी जय श्री श्याम के जयकारे लगाते दिखाई दिए। मंदिर के पुजारी ने कहा कि श्याम बाबा की कृपा अपरंपार है। मंदिर में लोगों की दृढ़ आस्था है। श्याम बाबा को हारे का सहारा कहा जाता है, क्योंकि वह कभी अपने भक्त को हारने नहीं देते। सच्चे हृदय से उनकी पूजा अर्चना करने वाले व्यक्ति का जीवन सार्थक हो जाता है। इस अवसर पर मोहन लोधी, अंशुल जैन, निशू सैनी, गुरदयाल अग्रवाल, अजीत जैन, सुरेश जैन, राजीव जैन, सचिन गुप्ता, नितीन अरोड़ा, सुशील गर्ग, नितेश खेतरपाल, मनीष गर्ग व विपुल गोयल आदि मौजूद रहे।



### आधुनिक डेयरी प्रबंधन विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

# विभिन्न राज्यों के 50 युवाओं को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चर एक्सटेंशन मैनेजमैंट हैदराबाद की ओर से एग्री क्लीनिक एवं एग्री बिजनेस सेंटर योजना के अंतर्गत आधुनिक डेयरी प्रबंधन विषय पर मंगलवार को मॉल रोड स्थित डॉ. हैरी डेयरी सेंटर के सभागार में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। जिसमें महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, तमिलनाडू, उत्तरप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा व पंजाब राज्यों से करीब 50 युवा इस रिफ्रेशर कोर्स में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। डॉ. हैरी डेयरी एंड अलाइड कंसलटेंसी करनाल के तत्वावधान में आयोजित शिविर में पहले दिन उन्नत नस्ल के पशुओं का चयन, वैज्ञानिक तरीके से डेयरी प्रबंधन, शुद्ध दुग्ध उत्पादन और दूध की मार्कीटिंग स्वयं करने जैसे बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के विशेष अतिथि डॉ० सुरेन्द्र कुमार गुप्ता पूर्व केवीके एनडीआरआई, पूर्व इंचार्ज एक्सपेरिमेंटल डेयरी एनडीआरआई, डॉ०. महेन्द्र सिंह, पूर्व प्रधान एवं इचार्ज ऑफ़ एनिमल लाइवस्टोक ब्रीडिंग व नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चर एक्सटेंशन मैनेजमैंट हैदराबाद के सलाहकार डॉ भावांजलि ने युवाओं को प्रशिक्षित किए।





राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान के पूर्व वैज्ञानिक ने प्रशिक्षणार्थियों को डेयरी, प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया। कहा कि यह व्यवसाय में बहुत अहम हैं। पशुशाला का कुल खर्च निकालने के बाद प्रति लीटर दूध पर पशुपालक को बचत होनी चाहिए। पशुशाला में कार्य करने वाले श्रमिक भी प्रशिक्षित होने चाहिएं। क्योंकि इस समय डेयरी में दूध दोहने वाले कर्मियों की कमी महसूस की जाती है। कार्यक्रम में एनडीआरआई के पूर्व एक्सपेरिमेंटल डेयरी इंचार्ज व कोर्स निदेशक डॉ हरीराम गुप्ता, पूर्व प्रधानाचार्य आभा बंसल व डॉ. हैरी डेयरी एंड अलाइड कंसलटेंसी के प्रबंधक संदीप कुमार ने विचार रख व्यवसाय को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी।

## खबर संक्षेप

### टैंकर ने बाइक को टक्कर मारी, युवक की मौत

**पानीपत।** पानीपत रिफाइनरी के पास रोड पर गलत दिशा से आ रहे टैंकर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो भाई मंगल राम व प्रवीण निवासी गांव फरीदपुर जिला करनाल नीचे गिर गए। वहीं टैंकर, प्रवीण के ऊपर से उतर गया। हादसे में प्रवीण की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मंगत राम घायल हो गया। मंगत का अस्पताल में उपचार चल रहा है। वहीं पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद प्रवीण का शव उसके परिजनों को सौंप दिया और मंगत की शिकायत पर टैंकर के चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक को गोली मारी दो पर केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव उग्राखेडी के पास दो युवकों ने भानुप्रताप निवासी हुडा सेक्टर 25, भगत सिंह एन्क्लेव को जांघ में गोली मार कर घायल कर दिया। वहीं थाना चांदनी बाग पुलिस ने भानु प्रताप के दादा मामचंद की शिकायत पर दिव्यांशु निवासी मलिक एन्क्लेव, हुडा सेक्टर 25, पानीपत व रजत निवासी गांव उग्राखेड़ी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सैनी ने बताया कि भानुप्रताप विवाह में जाने के लिए घर से निकला था। रास्ते में दिव्यांशु व रजत ने रंजिशन उनके पौते को गोली मार कर घायल कर दिया। घायल कर निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। दूसरी ओर, पुलिस ने हत्या की चेष्टा के इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सरकारी सांड की हत्या तीन पर केस

**इसराना।** पानीपत के गांव पलड़ी में महिला समेत तीन लोगों ने सरकारी सांड़ की हत्या कर दी और उसे दफना दिया। इधर, गांव के सरपंच अशोक कुमार ने इस मामले की शिकायत थाना इसराना में ऑनलाइन दर्ज कराई। घटना की सूचना मिलने पर इसराना थाना पुलिस ने जेसीबी की मदद से सांड़ के शव को बाहर निकलवाया और पशु विशेषज्ञ डॉ. देवेंद्र कादियान की टीम ने सांड़ का पोस्टमॉर्टम किया। वहीं, पुलिस ने सांड की हत्या के कथित मामले में महिला समेत तीन लोगों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जानलेवा हमला करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस टीम ने विकास नगर में नीर व सोनू निवासी गांव नांगल खेडी पर लाठी, डंडो व ईट से प्रहार कर जानलेवा हमला करने के दो और आरोपियों रितिक उर्फ लाला व मनोज निवासी विकास नगर को गिरफ्तार किया है। वहीं, थाना औद्योगिक सेक्टर 29 प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि इस मामले में अजय निवासी गांव नांगल खेड़ी जिला पानीपत की शिकायत पर केस दर्ज है।

### जानलेवा हमला करने का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने गाड़ी से घर लौट रहे दो दोस्तों आशु व रणजीत पर हरिनगर में जानलेवा हमला करने के दूसरे आरोपी पवन उर्फ चुनचुन निवासी हरिनगर को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, थाना पुराना औद्योगिक प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र ने बताया कि इस मामले में अजीत पुत्र रामपाल निवासी गंगाराम कॉलोनी की शिकायत पर केस दर्ज है। वहीं पुलिस ने पवन को कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया और हमले में प्रयोग कैंची बरामद की।

### अवैध कट्टे के साथ आरोपी पकड़ा

**समालखा।** पानीपत। सीआईए टू पुलिस टीम ने समालखा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जीटी रोड सेवा साधना केंद्र मोड़ पर संजीव उर्फ भोला निवासी गांव अगवानपुर जिला सोनीपत को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया।

### मशीन की खरीद की प्रक्रिया शुरू

**पानीपत।** हेल्थ मैप डायग्नोस्टिक कंपनी के जिला प्रबंधक विपिन कुमार ने बताया कि अब मशीन खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यहां पूरा सेटअप लगेगा। नए कर्मचारी भी भर्ती किए जा रहे हैं। लोगों को पीपीपी मोड पर एमआरआई की सेवाएं मिलेगी। इसकी दर बाहर की अपेक्षा 60 प्रतिशत तक कम होगी।

## ट्रिपल इंजन की सरकार पानीपत का तेजी से विकास करेगी

# पानीपत में भाजपा प्रत्याशियों की ऐतिहासिक जीत तयः आर्य

- शिक्षा ही वह साधन है जिसके बल पर कोई भी व्यक्ति उच्चाइयों को छू सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। भाजपा मेयर पद की प्रत्याशी कोमल को जीत का आशीर्वाद देते हुए रणदीप आर्य। फोटो :हरिभूमि

आर्य समाज के प्रचारक व आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल के प्रधान रणदीप आर्य ने दावा किया कि पानीपत नगर निगम के मेयर व 26 पार्षदों के पद पर भाजपा प्रत्याशियों की ऐतिहासिक जीत तय है। वहीं मेयर पद की प्रत्याशी कोमल सैनी ने जहां रणदीप आर्य से चुनाव की जीत का आशीर्वाद लिया, वहीं रणदीप आर्य ने दावा किया कि ट्रिपल इंजन की सरकार बनने पर पानीपत का तेजी से विकास होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेसी सरकार ने पानीपत जिला को हमेशा वोट बैंक के रूप में प्रयोग किया और पानीपत के विकास की ओर ध्यान नहीं दिया। दूसरी ओर, मेयर प्रत्याशी कोमल सैनी ने मंगलवार को वार्ड 19 में भाजपा पार्षद पद प्रत्याशी कुलदीप स्वामी के साथ एक चुनावी जन सभा को संबोधित किया। जिसकी अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश भारद्वाज ने की। जबकि कोमल ने जनता से कमल के सामने वाला बटन दबाकर मेयर तथा पार्षद पद प्रत्याशी को सफल बनाने की अपील की। दूसरी ओर, वार्ड 26 से भाजपा महिला प्रत्याशी कुसुम भट्ट ने गाबा कालोनी, हरि नगर कच्ची फाटक से जैन चौक एवं हरि नगर में डोर टू डोर प्रचार कर मतदाताओं से भाजपा का कमल खिलाने की अपील की। कुसुम ने कहा कि शिक्षा ही वह साधन है जिसके बल पर कोई भी व्यक्ति उच्चाइयों को छू सकता है इसी के दृष्टिगत वार्ड 26 में कक्षा 12वीं तक का सरकारी स्कूल खुलवाया जाएगा।

# पानीपत में नहीं होने देंगे अवैध खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र दहिया ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अवैध खनन को रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह से सजग है और जिला में अवैध खनन करने और करवाने वाले दोनों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए जिला की टास्क फोर्स के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अवैध खनन को रोकने के लिए रात्रि के समय में गश्त करें। उन्होंने कहा कि बापौली- सनौली क्षेत्र में और अधिक चौकसी बरतने की आवश्यकता है। एक टीम गठित करके इस कार्य को अंजाम दे। दूसरी ओर, जिला खनन अधिकारी निरंजन कुमार ने बताया कि महानिदेशक खान एवं भू गर्भ विभाग के.एम.पाण्डुरंग के निर्देश पर जिला में अवैध खनन को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति के कोई भी खनन का कार्य नही करने दिया जाएगा और सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशानुसार भविष्य में भी इस तरह के निरीक्षण जारी रहेंगे।



पानीपत। के ग्रामीण अंचल में अवैध खनन की जांच करते हुए अधिकारीगण। फोटो :हरिभूमि

# युवक को सुआ घोंपकर घायल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के जिला कोर्ट परिसर में छोटे गेट पर खटीक बस्ती निवासी सरफराज को हाली कॉलोनी निवासी फरमान ने अपने साथियों के साथ रोक लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। हमलावरों ने सरफराज पर बर्फ तोड़ने वाले सुएं से हमला कर गंभीर रूप से घालय कर दिया। पुलिस ने सरफराज को अस्पताल में भर्ती करवा कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है। दूसरी ओर, कोर्ट कांपलेक्स की चौथी मंजिल पर मादक पदार्थ तस्करी केस के दो आरोपियों के बीच आपस में मारपीट हुई। दोनों को पुलिस ने अपनी हिरासत में लेकर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सिविल अस्पताल में जल्द शुरू होगी रोगियों की सर्जरी

**समालखा।** पानीपत स्वास्थ्य विभाग समालखा सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार कर रहा है। समालखा अस्पताल में जल्द ही रोगियों की सर्जरी शुरू करेगी। इसके लिए समालखा अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर बनाया जा रहा है। यहां एक सर्जन की भी नियुक्ति की जाएगी। चालू वर्ष के जून माह तक अस्पताल में रोगियों की सर्जरी शुरू हो जाएगी। समालखा में सर्जरी शुरू होने से बापौली व समालखा क्षेत्र के रोगियों को काफी लाभ होगी और पानीपत सिविल अस्पताल में भी डॉक्टरों पर वर्क लोड कम होगा। वर्तमान में सिविल अस्पताल में हर रोज तीन से चार जनरल सर्जरी होती हैं। फिलहाल समालखा सिविल अस्पताल में सिजेरियन डिलीवरी की सेवा चल रही है। इस साल यहां एक्स रे की सेवा भी शुरू हुई है। 100 बेड के इस अस्पताल में एक भी विशेषज्ञ नहीं है। नियमानुसार 100 बेड के अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर होना जरूरी है। सिविल सर्जन ने मुख्यालय में ऑपरेशन थियेटर बनाने की मांगी भी भेजी थी। इस डिमांड पर मुहर लग चुकी है। अब थियेटर को बनाने का एजेंसी को ठेका दिया जाएगा। दूसरी ओर समालखा सामान्य अस्पताल में शवगृह का काम पूरा हो चुका है। इसको स्वास्थ्य विभाग ने टेकओवर कर लिया है। मार्च के अंत में समालखा अस्पताल में पोस्टमार्टम सेवाएं भी शुरू होंगी। दूसरी ओर, सीएमओ डॉ जयंत आहूजा बताया कि समालखा सिविल अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर बनाया जा रहा है और दो तीन माह के अंदर ही यहां पर रोगियों की सर्जरी शुरू हो जाएगी।

- समालखा अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर बनाया जा रहा यहां एक सर्जन की भी नियुक्ति की जाएगी

# समाधान कैंप से गैर हाजिर रहने वाले अधिकारियों पर होगी कार्यवाही

- अधिकारी लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे तभी होगा समस्याओं का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया अपने साथी अधिकारियों के साथ जनसुनवाई करते हुए।

पानीपत। उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने जिला सचिवालय स्थित सभागार में मंगलवार को जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि सकारात्मक ऊर्जा और संतुलित चेतना से असंभव कार्य भी संभव हो जाता है। अधिकारियों की मेहनत से क्षेत्र की जहां तस्वीर बदलेगी वहीं जरूरत मंद लोगों की तकदीर बदलेगी। अब यह अधिकारियों पर निर्भर करता है। उनकी सोच किस दिशा में जाती है। इस पर अधिकारियों को गंभीरतापूर्व ध्यान देना होगा। उपायुक्त ने कहा कि यह जनता समाधान शिविर उन लोगों के लिए खुबसुरत जगह है जो लोग अपनी समस्या लेकर यहां आते हैं। यह जगह इसलिए भी खुबसुरत हैं क्योंकि यहां लोगों की समस्याओं का निश्चित समय अवधि में समाधान होता है। उपायुक्त ने कहा कि लोगों की समस्याएं तब कम होगी जब हम उनकी उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। उपायुक्त ने कहा कि आम जन की समस्याओं का समाधान करना हमारी गारंटी है। अधिकारियों को समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं को लक्ष्य मान कर इसे एक नई पहचान देनी है क्योंकि जब लक्ष्य मजबूत होगा तो लक्षण अपने आप ही आ जायेंगे। हमें इसे नहीं भुलना चाहिये। अधिकारियों को आशा, विश्वास और जन कल्याण की भावना को ठान कर जनता की समस्याओं का समाधान करना है।

## पानीपत के सिविल अस्पताल में रोगियों को मिलेगी एमआरआई

पानीपत। पानीपत के सिविल अस्पताल में मैग्नेटिक रिसोनेंस इमेजिंग (एमआरआई) सेवाएं जल्द मिलनी शुरू हो जाएगी। हरियाणा स्वास्थ्य विभाग मुख्यालय की ओर से एमआरआई की अनुमति मिल गई है। यहां पब्लिक प्राइवेट पार्टनशिप में हेल्थ मैप डायग्नोस्टिक कंपनी एमआरआई सेवाओं का संचालन करेगी। निजी कंपनी से स्वास्थ्य विभाग का एमओयू साइन हो चुका है। अब मशीन का ऑर्डर कर दिया गया है। नए स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। निजी अस्पतालों की अपेक्षा यहां 60 प्रतिशत तक सस्ती दर पर एमआरआई होगी। अब एमआरआई के लिए साइट की तलाश की जा रही है। जुलाई तक एमआरआई सेवाएं शुरू होने की संभावनाएं हैं। सिविल अस्पताल से प्रति माह करीब दो सौ रोगियों को एमआरआई के लिए खानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया जाता है। एमआरआई में शरीर की बीमारियों की वास्तविक स्थिति का पता चलता है। निजी अस्पतालों में एमआरआई की दर पांच हजार से 12 हजार के बीच है। जिला नागरिक अस्पताल में एमआरआई की 2400 रुपये से शुरू होगी। बीपीएल परिवारों के लिए यह सेवा निशुल्क होगी। फिलहाल जिला नागरिक अस्पताल में सिटी स्कैन सेवा भी पीपीपी मोड़ पर मिल रही है।

- पीपीपी मोड पर मिलेगी रोगियों को सुविधा, निजी अस्पतालों के मुकाबले रोगियों का 60 प्रतिशत कम शुल्क लगेगा

### राष्ट्रीय लोक अदालत आठ मार्च को

**पानीपत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवम मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मीनू ने बताया कि न्यायमूर्ति लिसा गिल, न्यायाधीश, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय तथा कार्यकारी अध्यक्ष, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार व सुदेश कुमार शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरपर्सन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पानीपत के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सेशन डिवीजन पानीपत में आठ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन करने जा रही है।

### सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता किया

**पानीपत।** यूथ रेडक्रास ट्रेनिंग कैंप में पौष्टिक आहार, मानसिक स्वास्थ्य, सड़क सुरक्षा नियमों, बुर्जुगों की देखभाल, सीपीआर आदि विषयों बारे प्रतिभागियों को जागरूक किया जा रहा है। वहीं प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा नियमों व एड्स की प्रति जागरूकता बारे प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता द्वारा शपथ दिलाई गई। यूथ रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन समाजसेवी वीरेंद्र सिंगला पूर्व प्रधान व फाउंडर आर्य कालेज, तथा प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरक्त की। कैंप में योग विशेषज्ञ दिनेश शर्मा, रिंपी, धर्मवीर, सुदेश कुमारी, सोनू सिंह, अंजू शर्मा, लाल चन्द, सोनिया शर्मा, सुदेश, अमित कुमार, किशोर आदि मौजूद रहे।

# आर्य कॉलेज की दिव्या काव्य पाठ में प्रथम

- प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता के साथ विजेता विद्यार्थी।

आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी विभाग के उपक्रम हिंदी साहित्य परिषद के विद्यार्थियों द्वारा मारकण्डा नेशनल कॉलेज शाहबाद में प्रो. राजेश्वर प्रसाद 'शोख' की याद में राज्यस्तरीय काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के रूप में अपनी शानदार प्रस्तुति प्रदान की। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत हिंदी, अंग्रेजी, पंजाबी, उर्दू भाषाओं में काव्य पाठ का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी भूमिका निभाई। काव्य पाठ प्रतियोगिता के अंतर्गत आर्य कॉलेज के तीन विद्यार्थियों ने अलग-अलग भाषाओं में अपने काव्य की प्रस्तुति दी। प्रसन्नता एवं गर्व का विषय यह है कि तीनों ही विद्यार्थी विजेता बने। जिसमें दिव्या, बीए तृतीय वर्ष से अंग्रेजी काव्य में प्रथम स्थान पर, खुशबू, बीए तृतीय वर्ष से हिंदी काव्य में तृतीय स्थान पर और स्नेहा,बीए तृतीय वर्ष से पंजाबी काव्य में तृतीय स्थान पर रही। दिव्या ने अंग्रेजी भाषा में 'नारी सशक्तिकरण' विषय पर नारी के सम्मान, न्याय और सामाजिक समानता के प्रसंगों को विस्तार सहित अपने काव्य में प्रस्तुत किया। वहीं, विजेता विद्यार्थियों ने अपने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता से शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर परिषद संयोजक प्रा. विजय सिंह, डॉ. शालिनी, प्रा. गोपाल और प्रा. कविता हिंदी विभाग से उपस्थित रहे।

# अवैध रूप से चल रहे इंटरनेट, टेलीकॉम केबल ऑपरेटर पर केस दर्ज होगा

- विभिन्न कंपनी अवैध रूप से पोल और खंभों का प्रयोग कर पहुंचा रही हैं वित्तीय नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। जिला सचिवालय में अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए डीसी डॉ. वीरेंद्र दहिया। फोटो :हरिभूमि

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय केबल निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जिला में संचालित होने वाले सभी इंटरनेट, टेलीकॉम, केबल सर्विस ऑपरेटर की जानकारी जुटाएं। यही नहीं जिला में केबल, इंटरनेट, टेलीकॉम सर्विस ऑपरेटर सरकारी पोल और खंबों का प्रयोग अपनी सेवाओं के लिए कर रहे हैं, जो कि गलत है। डीसी ने इन ऑपरेटर द्वारा ली गई अनुमति बारे भी रिपोर्ट बनाने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने नगराधीश को नोडल अधिकारी भी नियुक्त करने के निर्देश दिए। जिला में कोई भी अवैध रूप से इंटरनेट, टेलीकॉम, केबल सर्विस ऑपरेटर नहीं चलने दिया जाएगा और उसके लिए उन्हें अनुमति लेनी जरूरी होगी। यह लोग वार्षिक शुल्क भी जमा नहीं कर रहे हैं जिससे सरकार को वित्तीय हानि हो रही है। बैठक में सदस्य सचिव जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुनील कुमार बस्ताडा, एआईपीआरओ दीपक पाराशर आदि उपस्थित रहे।

# प्रतियोगिताओं में आईबी कॉलेज के छात्र सौरभ, नितिन व सुमित छाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। आईबी कॉलेज की प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक विजेताओं को आशीर्वाद देते हुए।

दयाल सिंह कॉलेज करनाल एवं गुरु तेग बहादुर एजुकेशनल ट्रस्ट में आयोजित प्रतियोगिताओं में आईबी महाविद्यालय के छात्र सौरभ ने दयाल सिंह कॉलेज में पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान एवं छात्र नितिन वर्मा व सुमित आनंद ने गुरु तेग बहादुर एजुकेशनल ट्रस्ट में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त कर कॉलेज का नाम गौरवान्वित किया। प्रबंधन समिति ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धा के दौर में केवल किताबी ज्ञान ही काफी नहीं है, बल्कि सम्पूर्ण विकास के लिए विद्यार्थियों को सभी प्रकार की प्रतियोगिता में हिस्सा लेना चाहिए। प्रतिस्पर्धा मनुष्य को आगे बढ़ने, औरो से कुछ अलग करने का लक्ष्य प्राप्त करने एवं स्वयं का मूल्यांकन करने के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर डॉ. निधान सिंह, प्रो. पवन, डॉ. सुनीता ढांडा, डॉ. निधि, डॉ. अंजलि, प्रो. खुशबू, प्रो. रूहानी एवं प्रो. अंजलि गुप्ता मौजूद रहे।

## भारत सरकार ने एसडी कॉलेज को पानीपत व सोनीपत जिलों के लिए विकसित भारत युवा संसद के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी

# युवाओं को सशक्त करेगी विकसित भारत युवा संसदः डॉ. अनुपम अरोड़ा

- संसद का प्रदेश के आठ जिलों में आयोजन होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पानीपत। एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा भारत युवा संसद 2025 के पोस्टर के साथ।

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत को राष्ट्रीय सेवा योजना और नेहरु युवा केंद्र भारत सरकार द्वारा प्रायोजित विकसित भारत युवा संसद 2025 को आयोजित करने का गौरवपूर्ण दायित्व मिला है। यह जानकारी प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने देते हुए बताया कि इस संसद का प्रदेश के आठ जिलों में आयोजन होगा। जिला स्तरीय युवा संसद 2025 का थीम 'एक राष्ट्र एक चुनावः विकसित भारत के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा' है। युवा संसद में पानीपत और सोनीपत जिले 18 से 25 वर्ष की आयु का कोई भी प्रतिभागी भाग ले सकता है। वहीं डॉ. अरोड़ा ने युवा संसद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत युवा संसद का आयोजन युवाओं को नीति-निर्माण, शासन और राष्ट्र-निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना है। यह पहल भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को साकार करने के लिए युवाओं के विचारों और सुझावों को प्रोत्साहित करेगी।

### राष्ट्रीय विषयों पर गहन चर्चा की जाएगी

इस युवा संसद में शिक्षा सुधार, डिजिटल अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन, पर्यावरणीय स्थिरता, वैश्विक नेतृत्व और अन्य महत्वपूर्ण राष्ट्रीय विषयों पर गहन चर्चा की जाएगी। यह कार्यक्रम युवाओं को अपने विचार व्यक्त करने, राष्ट्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श करने और नवाचारपूर्ण समाधान प्रस्तुत करने का अवसर देगा। कार्यक्रम में प्रतिष्ठित नीति-निर्माताओं, उद्योग जगत के विशेषज्ञों और शिक्षाविदों का मार्गदर्शन मिलेगा जिससे युवा अपनी आवाज को उच्च स्तर तक पहुंचा सकेंगे। विकसित भारत युवा संसद, सरकार की युवा सशक्तिकरण, सहभागी लोकतंत्र और समावेशी विकास की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह युवाओं को शासन और निर्णय-निर्माण प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार बनने के लिए प्रोत्साहित करता है।

## खबर संक्षेप

### धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज हमला कर मारपीट करते हुए हवाई फायर कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी सुमित कुमार उर्फ सुमित को गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया है। बब्याल के अमित ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी सुमित व अन्य ने उससे मारपीट करते हुए हवाई फायर कर जान से मारने की धमकी देने का आपराधिक कार्य किया है।

### सड़क हादसे के आरोपी को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज सड़क दुर्घटना के मामले में पुलिस ने आरोपी आलम चंद को शामिल जांच किया है। लवानी गांव के लवली ने 1 फरवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 30 जनवरी 2025 को गांव धीन के पास आरोपी बोलेरो गाड़ी चालक ने लापरवाही व तेज गति से गाड़ी चलाते हुए उसके ट्रेक्टर में टक्कर मार कर उसे घायल कर दिया

### लड़ाई-झगड़े के आरोपी को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराड़ा में दर्ज लड़ाई झगड़े के मामले में पुलिस ने आरोपी बलबीर चंद उर्फ बब्ला को शामिल जांच किया है। इस मामले में पीड़ित महिला ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 22 दिसंबर 2024 को आरोपी बलबीर सिंह उर्फ बब्ला व अन्य ने उससे तथा परिवार के सदस्यों से झगड़ा कर मारपीट करते हुए उन्हें चोटें पहुंचाई हैं।

### सिंगल यूज प्लास्टिक खतरनाक : एसडीएम

**नारायणगढ़।** एसडीएम शाश्वत सांगवान ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक से जहां पर्यावरण प्रदषित होता है वहीं कई अन्य प्रकार की समस्याएं भी खड़ी होती है। ये प्लास्टिक पर्यावरण के लिए बेहद हानिकारक होते है, क्योंकि ये आसानी से नष्ट नहीं होते है और प्रदूषण को बढावा देते है। सिंगल यूज प्लास्टिक मानव स्वास्थ्य के लिए भी बेहद हानिकारक है। सिंगल यूज प्लास्टिक को रिसाइकल करना मुश्किल होता है, जिससे कचरा बढता है। सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े या जूट के बैग प्रयोग में लाए जाएं।

### एसडीएम ने किया परीक्षा केंद्रों का दौरा

**नारायणगढ़।** उपमंडल में नकल रहित परीक्षा करवाने के उदेश्य से एसडीएम शाश्वत सांगवान ने आज हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा बनाए गए परीक्षा केंद्रों का दौरा कर वहां पर चल रही परीक्षाओं का जायजा लिया। उन्होंने आर्य सीनियर सैकेंडरी स्कूल में बनाए गए परीक्षा केंद्र का दौरा किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।

### राजकीय महाविद्यालय में श्लोकाचारण प्रतियोगिता

**नारायणगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में संस्कृत विभाग द्वारा भगवद् गीता श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिसमें बच्चों ने बढ़ चढक़र हिस्सा लिया। कार्यकारी प्राचार्य डॉ. ढींगरा ने गीता में श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए निष्काम कर्म योग, आत्मा की अमरता के बारे में जानकारी दी। इस दौरान विजेता विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट दे कर सम्मानित किया।

## धोखाधड़ी के चार केसों में पुलिस ने एजेंटों के खिलाफ केस दर्ज किए

# विदेश भेजने के 2 मामलों में 47 लाख ठगे सरकारी नौकरी दिलाने पर भी धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस ने कबूतरबाजी के दो मामले दर्ज किए। एजेंट ने विदेश भेजने के नाम पर दो लोगों के 47 लाख का चूना लगाय। अब पुलिस एजेंटों के खिलाफ जांच कर रही है। उधर पुलिस ने पीजीआई में नौकरी लगवाने के नाम पर भी ठगी का एक केस दर्ज किया गया। पहला मामला नन्हेड़ा के सुखविंद्र सिंह का है। बैंकॉक में उसका अपहरण कर हथियारों से लैस बदमाशों ने 37 लाख रुपये हड़प लिए। परिवादी का कहना था कि एजेंट ने 37 लाख रुपये में महज पांच दिन के भीतर अमेरिका भेजने का झांसा दिया था। उसका आरोप था कि एजेंट न बैंकॉक से अमेरिका का वीजा दिलाने की बात कही थी। वह बैंकॉक गया तो हथियारों से लेस बदमाशों ने अपहरण कर लिया। किसी तरह वह बदमाशों के चंगुल से बचकर अंबाला पहुंचा। पीड़ित ने बताया कि वह चार जनवरी को बैंकॉक पहुंचा था।

■ अभी तक किसी भी आरोपी की नहीं हुई गिरफ्तारी

पुलिस ने अवतार सिंह व हरविंद्र पर धोखाधड़ी और विश्वासघात की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जांच अधिकारी बलकार ने बताया कि अपहरण के आरोपों की जांच की जा रही है। परिवाद सुखविंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी एजेंट से 37 लाख रुपये में अमेरिका भेजने के नाम पर समझौता हुआ था। आरोपियों ने चार जनवरी को बैंकॉक भेज दिया। साथ ही 37 लाख रुपये संग ले जाने के लिए बोला था। वह पहुंचा तो तकरीबन 25 से 30 लोगों के पास हथियार थे। एयरपोर्ट से कुछ दूरी पर बने एक मकान में ले जाकर अपहरण किया। मारपीट करने के बाद धमकाते हुए सारे पैसे 37 लाख रुपये हड़प लिए। उसने बताया कि वहं यमुनानगर और शाहाबाद शहरों के करीब आधा दर्जन युवक भी थे। वह किसी तरह बदमाशों के चंगुल से निकलकर अंबाला पहुंचा। अंबाला आने पर 10 जनवरी को आरोपी अवतार सिहं के घर पैसे लेने के लिए पंचायत हुई। तब आरोपी ने दो से तीन दिन में पैसे लौटाने की बात कहीं थी। अब पैसे मांगने गए तो घर से निकाल दिया। दोबारा केस करवाने की बात बोलकर भी धमकाया।

### विदेश भेजने के नाम पर 10 लाख ठगे

विदेश भेजने के नाम पर 10 लाख रुपए ठगने के आरोप में पुलिस ने एक अन्य एजेंट पर केस दर्ज किया है। आरोप है कि विदेश भेजने वाले एजेंट ने यह ठगी की है। 2024 में एजेंट ने पीड़ित का पासपोर्ट भी अपने पास रख लिया। जब भी पासपोर्ट मांगा तभी वह टालमटोल करता रहा।अंबाला कैंट के कच्चा बाजार के समपरीत सिंह ने बताया कि दिसंबर 2023 में उनकी मुलाकात विदेश भेजने वाले एजेंट से हुई थी। उस दौरान उसने उन्हें इटली भेजने के लिए तैयार कर लिया था। उसी वक्त तीन लाख रुपए अपने खाते में मंगवा लिए थे। इसके बाद संपरित ने जानकारी करी तो एजेंट ने अप्वाइंटमेंट न मिलने का बहाना बनाता रहा। दिसंबर तक एजेंट ने 8 लाख रुपए पीड़ित से ले लिए।जब पीड़ित समपरित ने एजेंट पर वीजा लगवाने के लिए जोर दिया तो एजेंट ने उन्हें मुंबई भेज दिया। मुंबई में किसी जाली व्यक्ति के साथ उनकी मुलाकात भी कराई गई। मुलाकात होने के बाद 2 लाख रुपए वहां दिए गए। इसके बाद उसने 15 दिनों तक पीड़ित को मुंबई में ही रखा। जिसका खर्चा भी खुद पीड़ित ने ही किया।पीड़ित ने बताया कि मुंबई में अप्वाइंटमेंट होने पर उसका पासपोर्ट वहीं जमा करा दिया गया। एक साल से अधिक होने पर जब पासपोर्ट नहीं मिला तो पीड़ित ने उसे फोन मिलाया। तब एजेंट ने और पैसों की मांग कर डाली। जिसके बाद समपरित समझ गए कि उनके साथ ठगी हुई है। एसएचओ अजैब सिंह के अनुसार मामले में तहरीर प्राप्त हो गई है ।

### पेपर पास करवाने के नाम पर ठगी

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग का एग्जाम पास कराने के नाम पर नाम पर ढाई लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई है। आरोपियों ने तीन साल तक परीक्षा में पास कराने के लिए भरोसा देता रहा।

डेहरी गांव के रहने वाले हरभजन सिंह ने बताया कि आरोपियों ने बेटी का पेपर पास कराने के नाम पर छह लाख रुपए लिए थे, लेकिन पुलिस के समझौते के बाद साढे तीन लाख रुपए तो लौटा दिए, बाकी ढाई लाख रुपए देने से इनकार कर रहा है। पंजोखरा थाना पुलिस ने हरभजन सिंह की शिकायत पर कोमल और सुमित काजल के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हरभजन सिंह ने बताया कि उसकी लड़की सोनिया ने 22 सितंबर को हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग नौकरी का पेपर दिया था। उनकी दूसरी बेटी काजल ने भी यह एग्जाम दिया। उनकी रिश्तेदार कोमल ने आकर कहा कि उसका भाई सुमित, सोनिया और काजल का पेपर में पास करवा देगा। इस काम के लिए आरोपियों ने छह लाख रुपए मांगे थे। आरोपियों के झांसे में आने पर नवंबर 2020 से पैसे देना शुरू कर दिए थे। रुपए देने के बाद भी सोनिया पेपर में पास नहीं हुई। बाद में आरोपियों ने दोबारा से बेटी सोनिया को पेपर देने व उसके पास करवाने का झांसा दिया। करीब तीन साल तक आरोपी टाल मटोल करता रहा। दो बार थाने में शिकायत देने पर आरोपी ने साढ़े तीन लाख रुपए तो वापस कर दिए लेकिन बाकी के बचे ढाई लाख रुपए लौटने से इनकार कर दिया।

### पीजीआई में नौकरी के नाम पर ठगी

चंडीगढ़ पीजीआई में नौकरी लगवाने के नाम पर पानीपत के राकेश व कुरुक्षेत्र के राहुल से दो युवकों से 23 लाख की धोखाधड़ी हो गई। पंजोखरा थाना पुलिस ने पानीपत के सुरेश कुमार की शिकायत पर राज सिंह, सागर मलिक, रोशन सिंह, नीलेश कुमार और हैप्पी पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

शिकायतकर्ता सुरेश ने बताया कि उसका पुत्र राकेश नौकरी की तलाश में अपने दोस्त कुरुक्षेत्र के राहुल के साथ साक्षात्कार देने के लिए जाता था। वह फौज में भर्ती के लिए अंबाला साक्षात्कार देने के लिए आया था। बेटे की मुलाकात सागर, नीलेश कुमार से हुई थी। सरकारी नौकरी का झांसा देते हुए कहा कि वह अपनी जान पहचान से उन्हें सरकारी नौकरी लगवा सकते हैं। बेटे ने आकर बताया तो वह खुद और रामदयाल आरोपियों से मिलने के लिए डिफेंस कॉलोनी में गए थे। चंडीगढ़ पीजीआई में कंप्यूटर ऑपरेटर की सीधी भर्ती निकली है। कोरोना के कारण साक्षात्कार नहीं है इसके लिए 15-15 लाख रुपये लगेंगे। इस तरह से 21 अप्रैल 2021 को 12-12 लाख रुपये युवकों को लगाने के लिए आरोपियों को दे दिए थे।

पीड़ित का कहना है कि एक युवक भी मिला था, जिसमें कहा कि वह भी आरोपियों की मदद से यहां लगा है। 27 अप्रैल को आरोपियों ने दोबारा बुलाकर पीजीआई चंडीगढ़ के लेटर पैड का फर्जी ज्वाइनिंग लेटर दिया। इस लेटर में सात अप्रैल 2021 को ज्वाइनिंग का जिक्र था। जब दोनों युवक ज्वाइनिंग के लिए अस्पताल पहुंचे तो उन्हें पता लगा कि कोई भर्ती नहीं निकली थी और यह पत्र भी फर्जी है। बाद में आरोपियों ने टालमटोल करते हुए खुद ही जाकर ज्वाइन कराने की बात बोलते हुए टालते रहे थे। इस तरह से आरोपियों ने 23 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है।

## एडीसी ने परीक्षा केंद्रों का मुआयना कर जांची व्यवस्थाएं

■ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी रख रहे हैं परीक्षा केंद्रों पर नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि जिले में 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं नकलरहित एवं पारदर्शी तरीके से होनी चाहिए। परीक्षा के दृष्टिगत जिन कर्मचारियों व अधिकारियो की ड्यूटी लगी हुई है वे पूरी सजगता के साथ करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि परीक्षाओं के दृष्टिगत अतिरिक्त उपायुक्त को नोडल अधिकारी लगाया गया है। इसी कड़ी में अतिरिक्त उपायुक्त एवं एसडीएम दर्शन कुमार ने बीते कल कई परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। एडीसी डॉ. ब्रहमजीत ने कहा कि उन्होंने कई परीक्षा केंद्रों का दौरा करते हुए परीक्षाओं की व्यवस्थाओं का जांचा है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बलाना व दुराना गांव में परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। मौके पर उपस्थित सेंटर अधीक्षक से यहां पर चल रही परीक्षा के बारे में जानकारी हासिल की। यहां बता दें कि बीते कल भी अतिरिक्त उपायुक्त ने पीकेआर जैन गर्ल्ज सीनियर सैकेंडरी स्कूल, सोहन लाल गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी व आर्य स्कूल का जायजा लिया था। सभी जगहों पर परीक्षा सुचारू रूप से चल रही थी। उन्होंने निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र व अन्य को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा के तहत यदि किसी की कोई कौताही या लापरवाही सामने आई तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त ने यह भी बताया कि उपायुक्त ने बैठक लेकर परीक्षा के सफलतापूर्वक आयोजन को करवाए जाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए हैं। इसी कडी में उन्होंने स्वयं तथा एसडीएम के साथ परीक्षा केंद्रों का जायजा लेकर व्यवस्थाओं को जांचा है। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस विभाग के कर्मचारियों को भी केंद्रों की जांच के आदेश दिए गए हैं। जिलाधीश द्वारा पहले से ही धारा बीएनएस की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए हुए है कि परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरें में अनाधिकृत व्यक्ति व मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध हैं।


अंबाला। परीक्षा केंद्र का मुआयना करते एडीसी।

इसके साथ-साथ परीक्षा केंद्रों के नजदीक फोटो स्टेट की दुकानें 27 फरवरी से 29 मार्च तक परीक्षा के दिनों में 12 बजे से शाम 4 बजे तक बंद रखी जाने बारे भी आदेश जारी किए हुए हैं। मकसद जिले में परीक्षाओं का सफलतापूर्वक आयोजन करवाना है।

## हर जिले में स्थापित होंगे ड्राइविंग स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि ऊर्जा विभाग में इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने के लिए उनके द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। इसी कड़ी में यमुनानगर में 800 मेगावाट का नया बिजली संयंत्र स्थापित किया जा रहा है। और इसके लिए स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। बिजली की पुरानी तारों, कम लोड वाली तारों को भी बदला जाएगा। इसके अलावा, विज ने बताया कि पुरानी बसों को बदलने के साथ-साथ बस अड्डों की हालत में भी सुधार कर आधुनिक रूप दिया जाएगा। हर जिले में ड्राइविंग स्कूल स्थापित होंगे और प्रत्येक जिले में ऑटोमेटिक वॉशिंग मशीन सिस्टम और ऑटोमेटिक सिस्टम फॉर चेकिंग व्हीकल फिटनेस स्थापित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। ऐसे ही प्रत्येक जिले में श्रमिकों के लिए एयर कंडीशन अस्पताल स्थापित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए हैं] ताकि श्रमिकों को भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके। हर जिले में ड्राइविंग स्कूल स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। विज प्री-बजट परामर्श बैठक के उपरांत पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे। विज ने बताया कि राज्य में जितने भी पुराने ट्रांसफॉर्मर लगे हुए हैं उनको बदलने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। ट्रांसफॉर्मर बदलने का कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा लेकिन यह कार्य होना चाहिए। ऐसे ही, उनके द्वारा अधिकारियों को बिजली की तारों को बदलने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं क्योंकि अब लगातार लोगों के घरों में लोड बढ़ रहा है जबकि पुरानी तारों की लोड लेने की कैपेसिटी कम है और जहां भी तारों की लोड लेने की कैपेसिटी कम है, उन तारों को बदला जाएगा। परिवहन मंत्री ने बताया कि इसी प्रकार से रोडवेज में जो पुरानी बसे हैं और जो एनसीआर में से वापिस मंगवाई गई है वह काफी पुरानी हो चुकी है और ऐसी पुरानी बसों को बदला जाएगा।

■ परिवहन एवं उर्जा मंत्री अनिल विज ने किया ऐलान


परिवहन मंत्री अनिल विज

## 'अधिकारों का समूह' में सम्मिलित हैं अधिकार

■ कॉपीराइट : नैतिक विचार पर व्याख्यान का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में मंगलवार को सीआरसी यूनिट द्वारा कॉलेज के रिसर्च एवं डिवेलपमेंट सेल के सहयोग से"कॉपीराइट: नैतिक विचार"पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज एवं रिसर्च एंड डेवलपमेंट विभाग के डीन प्रो डॉ. हरीश धुरेजा बतौर विशेषज्ञ शिरकत की। मुख्य वक्ता दुरेजा ने चर्चा के विषय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारत में कॉपीराइट, बौद्धिक संपदा संरक्षण का एक रूप है जो कॉपीराइट अधिनियम, 1957 के तहत दिया गया है। यह कानून देशभर में लागू है। कॉपीराइट, साहित्यिक, नाटकीय, संगीत, और कलात्मक कार्यों के रचनाकारों को दिया गया कानूनी अधिकार है। पेटेंट, ट्रेडमार्क, चिह्न और व्यापार रहस्य, बौद्धिक संपदा अधिकार के सबसे आम उदाहरण हैं। कॉपीराइट में शामिल "अधिकारों का समूह" में सम्मिलित अधिकार हैं- कार्य वितरित करना, कार्य को पुनः प्रस्तुत करना, कार्य को प्रदर्शित करना उदाहरण के लिए, एक पेंटिंग जिसे आप संग्रहालय को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने की अनुमति देना चाहते हैं, कार्य का प्रदर्शन करना और मूल कार्य।


अंबाला। व्याख्यान के दौरान मौजूद छात्र व शिक्षक।

उन्होंने बताया कि कॉपीराइट एक नैतिक मुद्दा है क्योंकि इसमें निष्पक्षता, समानता और रचनात्मक व्यक्तियों के साथ नैतिक व्यवहार जैसे बुनियादी प्रश्न शामिल हैं। अनैतिक कॉपीराइट प्रथाओं का सबसे तात्कालिक परिणाम प्रतिष्ठा को गंभीर क्षति पहुंचना है।

## पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राष्ट्रहित सर्वोपरि/" के मंत्र को आत्मसात करने वाले महान ऋषि, समाज सुधारक एवं आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती के पावन अवसर पर मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल अंबाला शहर में स्वामी दयानंद सरस्वती जन्म जयंती पखवाड़ा का आयोजन किया गया। रधानाचार्य डॉ. राधा रमन सूरी के मार्गदर्शन में, आर्य युवा समाज की संचालिका गौरी वंदना एवं राधिका सीकरी के नेतृत्व में इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों में वैदिक मूल्यों और ऋषि दयानंद के आदर्शों के प्रति जागरूकता बढ़ाई। पखवाड़े का शुभारंभ कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद यज्ञ से हुआ था। मंत्र/श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया और शुद्ध उच्चारण के साथ वैदिक मंत्रों का सस्वर पाठ किया। कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने हवन मंत्रों का उच्चारण किया और आत्मबल बढ़ाने का संकल्प लिया। सत्यार्थ प्रकाश सुमुलस व्याख्या प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने इसमें लिखित सिद्धांतों की गहन व्याख्या प्रस्तुत की। महर्षि दयानंद सरस्वती का जीवन परिचय पर आधारित प्रस्तुतियां एवं नाट्य का छात्रों ने शानदार मंचन किया। भजन गायन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने वैदिक भजनों की मधुर प्रस्तुति दी। आर्य समाज के नियम प्रतियोगिता विद्यार्थियों ने आर्य समाज के 10 नियमों को कंठस्थ कर उसकी व्याख्या की। विद्यार्थियों ने महर्षि दयानंद के जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक घटनाओं को सांझा किया। इसके साथ ही पखवाड़े के तहत नुक्कड़ नाटक एवं शोभायात्रा का आयोजन किया गया। वैदिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने वैदिक ज्ञान और महर्षि दयानंद के विचारों पर आधारित प्रश्नों का उत्तर दिया। साथ ही काव्य पाठ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने महर्षि दयानंद सरस्वती पर रचित कविताएं प्रस्तुत कीं। समापन पर विद्यालय के शिक्षकों ने आर्य समाज रेलवे रोड में आयोजित भव्य हवन यज्ञ में आहुतियां डाली। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार द्वारा सम्मानित भी किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. राधा रमन सूरी ने सभी विद्यार्थियों को महर्षि दयानंद के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया।

■ मुरलीधर डीएवी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित


अंबाला। कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्कूली छात्र।

## कुष्ठ आश्रम का किया मुआयना

**अंबाला।** अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रहमजीत सिंह मंगलवार को अम्बाला शहर सेक्टर-7 स्थित कुष्ठ आश्रम का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने यहां पर जो लोग रह रहे है, उनसे बातचीत करते हुए उनके रहने के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी हासिल की। कुष्ठ आश्रम के इंचार्ज रजनीश ने अतिरिक्त उपायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि यहां पर अपने परिवार सहित 26 लोग रहते हैं। एनजीओ व समाजसेवी अपनी स्वेच्छा से समय-समय पर इन लोगों की सहायता करने का काम करते हैं। कुष्ठ आश्रम का जायजा लेते हुए अतिरिक्त उपायुक्त ने बाथरूम की छत के साथ-साथ कुछ कमरों की छत ठीक न होने के चलते उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी इस समस्या का हल किया जाएगा। प्रशासन हमेशा उनके साथ है। उन्होंने इस दौरान जिला रेडक्रॉस सोसायटी के प्रोग्राम अधिकारी मनोज सैनी को भी कहा कि वे एनजीओ के सहयोग से इन लोगों के लिए जा सहायता की जा सकती है, उस कार्य को करवाएं। इसके साथ-साथ राशन से संबंधित समस्या बारे उन्होंने डीएफएससी को निर्देश दिए कि अंगूठे से राशन लेने के बारे यहां रहने वाले परिवारों को जो समस्या आ रही उसका समाधान किया जाए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## पंचदेव मंदिर में ब्रह्माकुमारीज़ बहनों की ओर से कार्यक्रम का आयोजन

# खुश रहना एक कला, इसका करना पड़ता है रोज अभ्यास

■ कर्म के सिद्धांत को समझ कर काम करने से मन पर कभी भी बोझ महसूस नहीं होगा : शैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के महेशनगर स्थित पंच देव मंदिर में मंगलवार को ब्रहमाकुमारीज बहनों की पावन उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने कहा सदा मन से खुश व स्वस्थ रहने के लिए याद रखना है कि मैं परमात्मा की सर्वश्रेष्ठ रचना हूं। इस सृष्टि पर सिर्फ़ मनुष्य प्राणी को ही मुस्कुराना आता है। सदा स्मृति में रहे मेरे चेहरे पर मुस्कान परमात्मा के हस्ताक्षर हैं।



अंबाला। कार्यक्रम में मौजूद बीके बहनें व श्रद्धालु।
फोटो : हरिभूमि

इन्हें आंसुओं से मिटाना नहीं है हर हाल में खुश रहना है कर्म के सिद्धांत को समझ कर काम करने से मन पर कभी भी बोझ महसूस नहीं होगा। काम करते परमात्मा को साथी बना ले जैसे तितली को किसी ने पूछा तुम इतनी खुश कैसे रहती हो तितली ने बोला मुझे मालूम है मेरी जिंदगी दो दिन की है। मुझे लगता है थोड़े समय में हर फूल से मिलूं और उनकी खुशबू हर किसी तक पहुंचा दूं। जिंदगी में भी जब देने की भावना होती है तो जीवन खुशी से भर जाता है। परमात्मा द्वारा दिए गए सत्य ज्ञान, कि में कौन हूं मेरा पिता कौन है इस सृष्टि पर मेरा किरदार क्या है जब इस गहरे राज को हम समझ जाते हैं। इस समझ से हर कर्म करते हैं तो जीवन खुशियों से सदा भरा रहता है। हर परिस्थिति का सामना करने की शक्ति बढ़ती है। एक ही दिन में हम खुश हो जाए, ऐसा कोई यह मैजिक नहीं है लेकिन यह एक आर्ट है। आर्ट को हमें बार-बार अभ्यास में लाने से ही उस आर्ट में हम माहिर हो जाते हैं। तो खुश रहना भी एक कला है बार-बार के अभ्यास से प्रयास से हम सदा खुश रह सकेंगे।

मुख्य अतिथि श्याम मनचंदा प्रधान पंच देव मंदिर ने कहा पूरे संसार में चेहरे पर जो तेज़ इन बहनों के चेहरे पर है वह हम सबके चेहरे पर नहीं है। इन्होंने हमें सदा खुश रहने का जो ज्ञान दिया हम सबको वह सीखना है। जीवन को आध्यात्मिक बनाना हमें इन बहनों से सीखना है। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रीती दीदी ने सभी को योग द्वारा शांति की गहन अनुभूति कराई। बबीता, इंदु चोपड़ा, अनीता शर्मा, कमलेश सहोता, रोज मैरी, व रिटायर्ड प्रिंसिपल पवन भी मौजूद रहे।